### स्कूल की बाउंड्री वॉल गिरने पर प्रधानाध्यापक एवं सब इंजीनियर को थमाया शोकाज नोटिस

# अधिकारियों की लापरवाही पर बरसे कलेक्टर, जनहित के मामलों में कोताही नहीं बरतने दी गई सख्त हिदायत

### शहर में झूलते बिजली के तारों को तत्काल व्यवस्थित करने के विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम केवलारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की बाउंड्री वॉल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने प्रधानाध्यापक कमल सिंह ठाकुर और उपयंत्री एस पी सोनी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बारिश के मौसम को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में यत्र-तत्र झूल रहे बिजली के तारों को तत्काल व्यवस्थित करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। साथ ही समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नगर निगम, एमएसएमई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, राजस्व, स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि सहित विभिन्न विभागों को इनके निराकरण में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतने की हिदायत देते हुये कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। पीएम किसान एवं सीएम किसान योजना से जुड़ी शिकायतों के विश्लेषण और समाधान के लिए राजस्व अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए।

बैठक में मूंग और उड़द उपार्जन की समीक्षा के साथ-साथ, खाद की उपलब्धता एवं वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को पैक्स सदस्यता महाअभियान के तहत अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। वहीं सोलर पंप योजना के अंतर्गत किसानों को ऋण स्वीकृति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया गया।

#### स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

कलेक्टर श्री तिवारी ने कम छात्र संख्या वाले स्कूलों में विशेष नामांकन अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि 10 से कम छात्रों वाले विद्यालयों में प्रवेश बढ़ाया जाए, अन्यथा आवश्यकता अनुसार समीपस्थ स्कूलों में मर्ज किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच, लंबित डिलीवरी प्रकरणों का समय पर अद्यतन और 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को टीबी मुक्त कटनी बनाने के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भी स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में राजस्व प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरुस्ती में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की हिदायत भी दी गई। कलेक्टर ने खदान, उद्योग और निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के तहत पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा संबल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण पुनर्वास केंद्रों और कुपोषित बच्चों की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में समस्त एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, जिला श्रम अधिकारी के.बी. मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुरवारी गांव में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**ढीमरखेड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम मुरवारी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दिए। घटना 4 जुलाई दोपहर करीब 3:30 बजे की है। ग्राम मुरवारी निवासी बिरझा कंन्धी पटेल के परिवार के लोग जब अपने घर का ताला लगाकर बीड़ी गिनवाने (जमा करने) गए थे, तभी सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोल दिया। परिवार के अनुसार चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी और तिजोरी के ताले तोड़कर सोने की माला और अंगूठी, चांदी की पायल और कमरकस, घर में रखे हुए नगद रुपये ले गये । घटना की भनक लगते ही परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार को सरकारी खोजी कुत्ते को भी मौके पर बुलवाया। खोजी कुत्ते की मदद से घटनास्थल के आसपास और संदिग्ध ठिकानों पर सुराग खंगालने का प्रयास किया गया।

### 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा के परिणाम आज होंगे घोषित

**कटनी।** प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी राज्य शिक्षा केंद्र के वेब पोर्टल www.rskmp.in/result.aspx पर परिणाम देख सकेंगे। इसके साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 16 से 23 जून 2026 के बीच 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा आयोजित की गई थी।

### 300 पाव अवैध शराब जब्त



**कटनी।** रीठी पुलिस ने स्कूटी सवार युवकों से अवैध शराब जब्त की है। एक आरोपित पकड़ा गया जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धनिया मोड़ की ओर अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। जैसे ही स्कूटी सवार दिखाई छथ्ये दोनों युवकों को रुकने का इशारा किया, वे स्कूटी और शराब से भरी बोरी सड़क पर छोड़कर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया, जिसमें एक युवक को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर गौतम, 19 वर्ष, निवासी ग्राम पहरूआ, थाना कुठला के रूप में हुई है। वहीं फरार आरोपी की पहचान बलराम पाल, निवासी इंडिया होटल के पास, कटनी के रूप में की गई है। मौके से पुलिस ने 300 पाव देशी शराब, एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

**कटनी।** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 10 जुलाई 2026- तीसरे चरण के लिए ऑनलाइन लॉटरी जारी होगी। 11 से 20 जुलाई 2026-आवंटन के बाद संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीई मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। ऐसे आवेदक, जिन्होंने पूर्व चरणों में आवेदन किया था और सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए, लेकिन उन्हें कोई भी विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे तृतीय चरण के लिए विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन आवेदकों को पूर्व चरण में विद्यालय आवंटित हुआ था, लेकिन विद्यालय पसंद न आने या अन्य कारणों से उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी तृतीय चरण की प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस फिर से अपडेट कर सकेंगे।

## समिति सदस्यों ने लगाये अभद्रता के आरोप, पुलिस ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

गर्राघाट स्थित हनुमान मंदिर, शुक्ल पिपरिया से जुड़े एक मामले ने नया मोड़ ले लिया है। रविवार को अनुरुद्धपुरी गुरु जमुनापुरी सेवक समिति के प्रतिनिधियों ने उमरियापान थाना पहुंचकर डायल-112 में तैनात पुलिसकर्मियों के विरुद्ध लिखित आवेदन सौंपते हुए अभद्र व्यवहार एवं आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 3 जुलाई 2026 को सुबह लगभग 9:30 बजे मंदिर परिसर पहुंचे डायल-112 के पुलिसकर्मियों ने संत एवं वहां मौजूद लोगों से कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। समिति का आरोप है कि उसी दिन रात लगभग 9:30 बजे डायल-112 वाहन से माइक के माध्यम से भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे संत समाज एवं श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।वहीं, मामले में डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों का पक्ष भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 3 जुलाई की सुबह नियमित गश्त के दौरान गर्राघाट की कुछ महिलाओं ने वाहन रोककर शिकायत की थी कि मंदिर परिसर में कुछ लोग बैठकर नशा करते हैं, जिससे पूजा-अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं को असहजता का सामना करना पड़ता है।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर टीम मंदिर परिसर पहुंची और वहां मौजूद महंत सहित अन्य लोगों को केवल समझाइश दी गई कि मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार की नशाखोरी न होने दें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समझाइश देने के बाद पुलिस टीम वहां से लौट गई।पुलिस के मुताबिक, उसी दिन रात लगभग 9:30 बजे दोबारा क्षेत्र से गुजरने पर मंदिर के बाहर कई मोटरसाइकिलें खड़ी दिखाई दीं। इस दौरान माइक से केवल यह घोषणा की गई कि सुबह समझाइश दी जा चुकी है। यदि मंदिर परिसर में नशा करने की शिकायत दोबारा मिली तो वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि किसी भी व्यक्ति के साथ गाली-गलौज अथवा अभद्र व्यवहार नहीं किया गया।

संत समिति द्वारा दिए गए आवेदन के बाद पुलिस प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोनों पक्षों के बयान, उपलब्ध साक्ष्यों एवं अन्य तथ्यों का परीक्षण किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल उमरियापानश्हनुमान मंदिर गर्राघाट से जुड़े मामले में संत एवं ग्रामीणों द्वारा थाना में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन में लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष एवं तथ्यों के आधार पर जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान, उपलब्ध साक्ष्य एवं घटनाक्रम का परीक्षण किया जाएगा।

## आँगनबाड़ी के बच्चों को स्कूल का कराया गया विजिट



**स्लीमनाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र खम्हारिया के 3 से 6 वर्ष के 15 बच्चों का शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया में एक्सपोजर विजिट कराया गया। विजिट के दौरान बच्चों को विद्यालय के परिसर, कक्षा -कक्ष, खेल मैदान व्यवस्था से परिचित कराया गया। बच्चों का शिक्षकों एवं विद्यालय के छात्र से परिचय कराया गया। बच्चों से कविता, कहानी, खेलकूद, 1 से 10 तक की गिनती तथा अन्य रोचक गतिविधियां कराई गई। पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने बताया कि विजिट के दौरान बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सभी बच्चों को निर्धारित समय पर नाश्ता /खाना उपलब्ध कराया गया। विजिट के पश्चात बच्चों से अनेक अनुभव साझा कराये गए!विजिट के दौरान बच्चों को नाश्ता एवं लंच निर्धारित समय पर प्रदाय किया गया। एक्सपोजर विजिट के वीडियोज को लाखों नन्हें कदम यूट्यूब चैनल पर साझा किये गए। बच्चों के विद्यालय जाने के प्रति उत्साह एवं रूचि व्यक्त की!एक्सपोजर विजिट से बच्चों में विद्यालय के प्रति आत्मविश्वास एवं सरारात्मक रूचि विकसित हुई। एक्सपोजर विजिट सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

## धरा गया तस्कर, ढाई किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गत रात्रि में पुलिस टीम क्षेत्र में कानून-व्यवस्था व संदिग्धों की चेकिंग हेतु पेट्रोलिंग पर थी।

इसी दौरान ग्राम बिलहरी से बड़खेरा की ओर जाने वाले रोड़ पर बहुड़ा नदी के पुल के पास एक संदेही व्यक्ति हाथ में नीले रंग का कपड़े का थैला लिए दिखाई दिया। पुलिस वाहन और स्टाफ को देखकर उक्त व्यक्ति छिपने का प्रयास करने लगा। गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होने पर हमराह स्टाफ ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जितेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ मज्जुल ठाकुर 41 साल निवासी ग्राम बिलहरी बड़खेरा बताया। संदेह होने पर जब उसके थैले की तलाशी ली गई, तो उसमें गांजा मिला। तौल करने पर कुल 2 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 37,000/- रुपये आंकी गई है।

पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक अनिल यादव, प्रधान आरक्षक रामाश्रय सिंह, अजय यादव और आरक्षक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही है।

### डिजिटल युग में बेहद सावधानी बरतने दी गई जानकारी

## साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिये मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस कंट्रोल रूम से माधवनगर गेट तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था।मैराथन को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एस. पाण्डेय सहित जिले के पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिसकर्मी, अग्निवीर अभ्यर्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है।

एसपी ने युवाओं से फर्जी लिंक, संदिग्ध कॉल, ऑनलाइन निवेश, लॉटरी और अन्य साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराकर पुलिस को सूचना दें।मैराथन में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय के सृजल तिवारी प्रथम, मोहित पटेल द्वितीय तथा कुंदनदास स्कूल के आदर्श यादव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में शिकागो शाला माधवनगर की कुमारी शीतल गुरुम प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय की नेहा गौड़ द्वितीय तथा शिकागो शाला की हर्षिता बर्मन तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने साइबर अपराधों से स्वयं सुरक्षित रहने, डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



## खबर संक्षेप

### जर्जर शालाओं के भवनों में नहीं लगायें कक्षाएं

**कटनी।** विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर भवनों /कक्षों में बच्चों को नहीं बैठाएं। वैकल्पिक रूप से अन्य सुरक्षित भवनों में शिक्षण व्यवस्था संचालित करें। जर्जर भवनों को नियमानुसार डिस्मेंटल की कार्यवाही करते हुए अनुपयोगी मलवे को स्थल से हटा दें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और शिक्षा विभाग के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए हैं। सुश्री कौर ने कहा है कि क्षतिग्रस्त मरम्मत योग्य कमरों के पास यदि जर्जर ढांचा खड़ा है और मरम्मत या निर्माण कार्य चल रहा है तो वहां बच्चों के आवागमन को पूर्णतया प्रतिबंधित रखें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा इस संबंध में पूर्व में भी शिक्षा विभाग एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे और निरंतर निगरानी की जा रही है।

### असंगठित श्रमिकों के पंजीयन कार्य में लाएं तेजी

**कटनी।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत समस्त असंगठित श्रमिकों के पंजीयन कार्य में तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर प्रगति लाएं जाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ नगर निगम, नगरपालिका ,नगर परिषद, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र,खनिज, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पीआईयू, जल संसाधन, ग्रामीण स्वच्छता समूह, महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आपूर्ति एवं खाद्य अधिकारी, उपयुक्त सहकारिता,कृषि उपज मंडी समिति कटनी आदि विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। सुश्री कौर ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पंजीयन कार्य में तेजी लाए जाने विकास खंड, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर कैंप आयोजित करने को कहा है ताकि मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत असंगठित श्रमिकों के पंजीयन कार्य में वांछित प्रगति अर्जित की जा सके। सुश्री कौर ने पर्याप्त प्रचार प्रसार करते हुए, शिविर आयोजित कर पंजीयन की कार्यवाही किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया है। 18 से 40 वर्ष की आयु के असंगठित कामगार जिनकी मासिक आय 15000 रुपए या इससे कम हो। आधार कार्ड होना अनिवार्य होने के साथ बचत जनधन खाते के दस्तावेज होने चाहिए।

### नवीन शिक्षा सत्र शुरू होते ही स्कूलों की मानिटरिंग शुरू



**स्लीमनाबाद।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का आगाज हो गया हैं!नवीन सत्र शुरू होते ही शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों की सतत मानिटरिंग शुरू कर दी गई हैं। सोमवार को जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने जन शिक्षा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला पहुंचकर शालाओ की अधोसंरचना, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, साफ- सफाई पाठ्य पुस्तक वितरण, टाइम टेबिल मैपिग नव साक्षरता अभियान चाइल्ड ट्रेकिंग एप के माध्यम से बच्चो को मेप करना पोर्टल पर कक्षोन्नति करना तथा अपार आई डी बनाना जैसे महत्वपूर्ण कार्यो की सघन मानीटरिग प्रारम्भ की गयी!जन शिक्षक ने डॉ दिलीप त्रिपाठी ने शाला प्रभारियों को कक्षा पहली, छठवीं और नवमी में नामांकन, मैपिंग फीडिंग के साथ साथ कक्षा 5वी और 8वी के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली गई ओर स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए ।निरीक्षण मैं जन शिक्षक ने प्रवेश से वंचित बच्चों की सूची उपलब्ध करवाकर एक–एक बच्चे को चिन्हित कर उनसे सम्पर्क कर, जरूरत पड़ने पर उनके पालक से भी सम्पर्क कर ऐसे बच्चों का प्रवेश कराने निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ बस स्टैंड से चाका मार्ग का किया मैदानी निरीक्षण

# आयुक्त ने शहर भ्रमण कर व्यवस्थाओं की ली टोह अतिक्रमणों को चिन्हित कर कार्यवाही के दिये निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं हरित स्वरूप प्रदान करने की दिशा में नगर पालिक निगम द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम अधिकारियों के साथ बस से चाका मुख्य मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया तथा नागरिक सुविधाओं, सुरक्षित आवागमन, प्रकाश व्यवस्था, डिवाइडर मरम्मत, जल निकासी, अतिक्रमण नियंत्रण एवं पौधारोपण से जुड़े विभिन्न कार्यों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, मोना करेरा, निशांत कनौजिया, अभिषेक अरजरिया सहित निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### समन्वय कर कार्यवाही के निर्देश

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नगर निगम सीमा चाका प्रवेश मार्ग के आगे स्थित विजयराघवगढ़ मोड़ के पास स्थल का निरीक्षण कर वाहन चालकों एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम अधिकारियो को संबंधित विभाग से पत्राचार कर समन्वय स्थापित करते हुए स्थल के दोनो ओर का अतिक्रमण हटाने, यातायात संबंधी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के साथ ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जाकर आवागमन को सुरक्षित बनाया जा सके।

### क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की कराए मरम्मत

शहर के सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षित यातायात को गति देने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने बस स्टैंड से कुठला नगर निगम सीमा तक रोड़ के मध्य स्थापित डिवाइडरों एवं उनकी क्षतिग्रस्त जालियों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही डिवाइडरों में लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए स्थाई सिंचाई व्यवस्था विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश सहायक यंत्री आदेश जैन को दिए।

### अतिक्रमण चिन्हित कर थमाये नोटिस

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने ट्रांसपोर्ट नगर के सामने एवं बस स्टैंड से कुठला प्रवेश मुख्य मार्ग के किनारे के दोनों ओर स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित कर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए उन्हें हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने वर्षा ऋतु में प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मार्ग किनारे से नाला निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने, पोल पर लगे विज्ञापनों को व्यवस्थित करने तथा ट्रांसपोर्ट नगर प्रवेश द्वार के पास दिशा-सूचक बोर्ड स्थापित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### पुलियों की कराए मरम्मत

सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने पुरैनी स्थित पुरानी प्राइवेट सब्जी मंडी एवं पन्ना मोड़ स्थित मंदिर के समीप स्थित क्षतिग्रस्त पुलियों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा आवश्यक चेतावनी एवं सूचना संकेतक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही काली माता मंदिर के सामने बने स्पीड ब्रेकर की मरम्मत कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### डिवाइडरों एवं सड़क किनारे लगाये पौधे

पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को हरित स्वरूप प्रदान करने की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मुख्य मार्ग के डिवाइडरों तथा सड़क किनारे उपलब्ध रिक्त स्थलों पर व्यापक पौधारोपण करने के निर्देश दिए।



## एक क्लिक की लापरवाही, जीवन भर की कमाई पर हो सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान थाना परिसर में आमजन व ग्रामीणों को किया जागरूक, पंपलेट वितरित कर फर्जी लिंक, OTP, UPI फ्रॉड और डिजिटल ठगी से सतर्क रहने की दी सलाहउमरियापान। बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक बनाने के उद्देश्य से उमरियापान पुलिस द्वारा 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में उमरियापान थाना परिसर में विशेष साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान थाना परिसर में पहुंचे आमजन एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों की जानकारी देते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया। पुलिस टीम ने साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए तथा लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के सरल और प्रभावी उपाय बताए।पुलिस ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फर्जी बैंक कॉल, नकली कस्टमर केयर नंबर, ऑनलाइन निवेश, लॉटरी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, यूपीआई फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्क्रीन शेयरिंग ऐप, फर्जी केवाईसी अपडेट, बिजली बिल, पार्सल डिलीवरी और ऑनलाइन जॉब ऑफर जैसे अनेक तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में OTP, UPI PIN, ATM कार्ड नंबर, CVV, बैंक खाता विवरण या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें, केवल अधिकृत वेबसाइट और मोबाइल एप का ही उपयोग करें तथा सोशल मीडिया पर मिलने वाले संदिग्ध संदेशों और लालचपूर्ण ऑफरों से सावधान रहें।

## उद्योगपति पर जानलेवा हमले के मामले में 7 नामजद सहित 35 अज्ञात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुए विश्राम बाबा क्षेत्र में शहर के एक उद्योगपति पर हमले के मामले में पुलिस ने 7 नामजद सहित 35 अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। विश्राम बाबा स्थित काली माता मंदिर के सामने एक खाली प्लॉट पर चल रहे विवाद के लेकर उद्योगपति मुकेश कुमार गुप्ता पर लाठी-डंडों से लैस भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने बीजेपी नेताओं और उनके समर्थकों सहित करीब 35 लोगों के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज किया है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट और सूत्रों के अनुसार, बालगंगाधर तिलक वार्ड निवासी व्यवसायी मुकेश कुमार गुप्ता 50 वर्ष जब विश्राम बाबा स्थित खाली प्लॉट के पास मौजूद थे, तभी जमीन पर वर्चस्व को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि इसी दौरान रसूखदार नेता अपने समर्थकों के साथ लाठी-डंडे और घातक हथियारों से लैस होकर वहां आ धमके। आरोपियों ने उद्योगपति मुकेश सेठ को चारों तरफ से घेर लिया और गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में मुकेश गुप्ता को गंभीर चोटें आई हैं।

### इन लोगो के विरूद्ध दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने पीड़ित उद्योगपति की शिकायत पर जिन मुख्य आरोपियों को नामजद किया है, उनमें रमेश शुक्ला, यज्ञवल शुक्ला, हर्ष पाण्डेय, कोका शुक्ला, अरमान द्विवेदी, मनोज कुशवाहा, मनु परौहा सहित 30 से 35 अन्य अज्ञात हमलावर भी इस वारदात में शामिल थे, जिन्होंने लाठियां चमकाकर इलाके में दहशत फैलाई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर बाकी आरोपियों की शिनाख्त कर रही है।

इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के रमेश कुमार शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने मुकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता और आशु गुप्ता के खिलाफ भी क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फरार आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने हत्या मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर हत्या की वारदात में प्रयुक्त चाकू उपलब्ध कराने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार एनकेजे थाना क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित काली मंदिर के पास प्रदीप साहू की हत्या के मामले में पहले ही मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू छोटी खिरहनी निवासी माखन निषाद 25)ने उपलब्ध कराया था। घटना के बाद से वह फरार था।एनकेजे पुलिस ने आरोपी माखन निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में मृतक को फोन कर प्रेमनगर स्थित एक मकान में शारीरिक संबंध बनाने का झांसा देकर बुलाया गया था, जहां पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत उसकी हत्या कर दी गई थी। मामले की विवेचना के दौरान आरोपी की भूमिका सामने आने पर उसकी तलाश की जा रही थी।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई।

## सीईओ ने समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने दिये निर्देश



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने सेक्टर ढीमरखेड़ा और खमतरा सेक्टर्स में योजनाओं में प्रगति लाने बैठक आयोजित की। बैठक में वी बी जी राम जी , ई-केवाईसी मनरेगा, समग्र और पीएम आवास, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के नवीन पंजीयन,अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरण, पेंशन योजना के DLC सत्यापन , प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पूर्णता, लंबित आवास , री चेकिंग, निर्माण कार्यों की पूर्णता उपरांत सीसी जारी करने के संबंध में ग्राम पंचायत वार विस्तार से समीक्षा की। अवगत होवें कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने जरूरी निर्देश दिए हैं। सीईओ श्री कोरी ने पुअर परफॉर्मेंस वाली ग्राम पंचायतों को एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिए। समीक्षा सेक्टर की ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री,एपीओ बैठक में मौजूद रहे।

## जमीन नहीं देंगे, चाहे करना पड़े आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रीठी तहसील के ग्राम पंचायत सिमरा और देवगांव में उद्योग विभाग को भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया है। वर्षों से जिस जमीन पर लोग रह रहे हैं, उसे उद्योग विभाग के नाम किए जाने की आशंका से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।बताया जा रहा है कि वर्ष 2010 में ग्राम पंचायत सिमरा और देवगांव की करीब 450 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। अब उद्योग विभाग ने इस भूमि को अपने नाम हस्तांतरित करने के लिए प्रस्ताव मांगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस भूमि में उनके मकान और निवास क्षेत्र भी शामिल हैं।इसी के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण रीठी तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन उद्योग विभाग को नहीं देंगे। उनका कहना है कि उनके घर, आजीविका और भविष्य इसी जमीन से जुड़े हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज कर भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

उन्होंने प्रशासन से निवास वाली भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया तत्काल रोकने और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकेश यादव सहित जवाहर यादव, बलिराम चौधरी, कटुआ चौधरी, भागवत, रामरतन, रामलाल, सरमन, त्रिलोक, मंगतराम, धनीराम बर्मन, मुकेश बर्मन, पंकज सेन, संत कुमार और खुशीराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि ग्रामीणों की आपत्तियों के बाद प्रशासन क्या फैसला लेता है।

### विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 3 एवं 5 के परिवर्तित मार्ग के हाल

## बदहाल मार्ग से रहवासियों एवं राहगीरों की मुसीबत, आवागमन बेहद कष्टदायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



विजयराघवनगर नगर के वार्ड क्रमांक 3 एवं 5 का परिवर्तित मार्ग बारिश के मौसम में नागरिकों एवं वाहन चालकों का सिरदर्द बन गया है। मुख्य मार्ग में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने, व नाली खुदाई का कार्य चालू है जिसके कारण मकान दुकानों के सामने मलमां स्टॉक होने के कारण लोगों का घर से निकलना दूभर हो रहा है। व्यापारियों का व्यापार ठप हो रहा है। मार्ग में साइड देने से फंस जाते हैं वाहन अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क चौड़ी दिख रही है एवं नालिया ऊपर न दिखने के कारण नालियों का पता नहीं चल पाता वहीं रात्रि में भारी वाहनों दूसरे वाहन के क्रॉसिंग होने पर भारी वाहन नाली में समा जाते हैं। जिससे किसी बड़े हादसा की आशंका भी जताई जा रही है। स्थानीय अंधा मोड़ के वार्ड क्रमांक 3 एवं 5 की बहु प्रशिक्षित सड़क जहां से ओवरलोड भारी वाहनों का आवागमन रातों दिन चल रहा है जिसमें अनगिनत गड्ढे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।

लगभग डेढ़ वर्षो से रिपेयरिंग के नाम पर अनेको ट्राली पत्थर की डष्ट ठेकेदार द्वारा डालकर गड्ढे खत्म कर दिए जाते हैं जिनकी स्थिति एक सप्ताह बाद ज्यों की त्यों हो जाती है जिसका ब्यय भार नगर परिषद प्रशासन पर पड़ता है। इसके उपरांत भी वार्ड वासियों को खुले मौसम में धूल एवं बरसात में कीचड़ की परेशानी से गुजरना पड़ता है। बरसात शुरू होते ही उक्त सड़क कीचड के दलदल में बदल जाती है और उक्त इकलौते मार्ग से सैकड़ो भारी वाहन दिन भर हिचकोले खाते निकालते रहते हैं कीचड़ से सना नगर जानकारों की माने तो स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास से आमजन जहां एक ओर परेशानी महसूस कर रहे हैं।

मुख्य मार्ग के किनारे मलबा व पूर्व की निर्मित नालियां बंद पड़ी होने के कारण नालियों का पानी घरों में घुसने की आशंका जताई जा रही है। संकट मोचन चौक से थाने की ओर जाने वाले मार्ग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित शासकीय आशासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को इसी मार्ग में भरे गंदे से आना जाना पड़ता है। उक्त गड्ढे को अविलंब खत्म करने आमजनों द्वारा मांग की गई है।

### नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

## पाठ्यक्रमों एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित दी गई जानकरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में सत्र 2026-27 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के तहत नव प्रवेशित छात्र -छात्राओं का पुष्प -गुच्छ व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम, संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान छात्रवृति योजनाओं की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय के पुस्तकालय तथा विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया।कार्यक्रम समन्वयक डॉ शैलेन्द्र जाट द्वारा शासन से संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति एवं सीसीई.प्रोजेक्ट, अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई।डॉ किरण खरादी ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचित कराया तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वरिष्ठ छात्रों एवं पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ प्राप्त हुआ।वही ग्रंथपाल डॉ अनिल शाक्य ने पुस्तकालय के नियम एवं पुस्तक इत्यादि के विषय मैं नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को जानकारी दी!डॉ पूनम पांडेय महिलाओ के यौन उत्पीड़न ओर उससे संबंधित विभिन्न क़ानून के प्रावधानो पर विस्तृत चर्चा की। वहीं अंजना पांडेय के द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाएँ जैसे गाँव क बेटी योजना,मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, मु मेधावी छात्रवृत्ति योजना के बारे मैं छात्र -छात्राओं को अवगत कराया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ किरण खरादी, डॉ पूनम पांडेय, डॉ कमला पटेल,आशुतोष सोनी, राजेश कुमार कुशवाहा, मनोरमा चौधरी, सपना द्विवेदी सहित महाविद्यालय स्टॉफ, स्वयंसेवक, अन्य विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र उपस्थिति रहे।

### जिले में अब तक 126.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 6 जुलाई तक कुल 126.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 315.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 427.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 154.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 195.9 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 39 मिलीमीटर, बरही तहसील में 105.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 108.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 141.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 214.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 54.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## गौठान एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 15, हीरापुर में गौठान एवं मवेशियों के लिए सुरक्षित शासकीय भूमि पर लगातार अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार लगभग 5 से 7 एकड़ शासकीय भूमि गौठान तथा पशुओं के पानी पीने एवं चरने के लिए सुरक्षित रखी गई थी। आरोप है कि वार्ड क्रमांक 15 निवासी एक व्यक्ति के द्वारा उक्त भूमि को ट्रैक्टर से जुतवाकर चारों ओर बाड़ लगाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है।

वार्ड के लोगों का यह भी कहना है कि इससे पहले उक्ति व्यक्ति के द्वारा भी लगभग 5 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा कर उसे ईंट-भट्टा संचालकों को किराये पर दिए जाने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, शासन द्वारा लगभग 3 एकड़ भूमि पहले से ही उन्हें आवंटित की जा चुकी है। इसके बावजूद आरोप है कि कुल मिलाकर लगभग 10 से 12 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है।

### जांच कराने की मांग

वार्ड वासियों का कहना है कि इस संबंध में नगर परिषद बरही एवं तहसील कार्यालय में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे न केवल गौठान की भूमि समाप्त हो रही है, बल्कि मवेशियों के लिए भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने मांग है कि तहसीलदार महोदय एवं नगर परिषद बरही तत्काल राजस्व अमले के साथ मौके का निरीक्षण कर शासकीय भूमि की नापजोख कराएं, अवैध कब्जा हटवाएं तथा यदि शिकायत सही पाई जाए तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### हादसे को दे रहे न्योता

# तेजगढ़-पतलौनी तिगड्डा पर हवा में लहरा रहा साइन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ कस्बे के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल तेजगढ़-पतलौनी तिगड्डा पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। यहां लगा ओवरहेड दिशा-सूचक बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया है और उसकी भारी लोहे की चादर उखड़कर हवा में लटक रही है। तेज हवा चलने पर यह चादर लगातार हिलती-डुलती रहती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तस्वीर में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि तेजगढ़, अमाना, दमोह और पतलौनी की दिशा दर्शाने वाले इस बड़े साइन बोर्ड का पतलौनी की ओर वाला हिस्सा बीच से उखड़कर मुड़ गया है। भारी टिन की शीट हवा में झूल रही है, जिससे नीचे से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और अन्य वाहनों पर खतरा मंडरा रहा है यह तिगड्डा क्षेत्र का प्रमुख चौराहा है, जहां दिनभर भारी यातायात और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यदि क्षतिग्रस्त लोहे की चादर अचानक नीचे गिरती है तो गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों का कहना है कि बोर्ड काफी समय से इसी हालत में है, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई है। बारिश और तेज आंधी के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी संभाग दमोह से मांग की है कि किसी अनहोनी का इंतजार किए बिना क्षतिग्रस्त बोर्ड की तत्काल मरम्मत कराई जाए या उसके ढीले हिस्से को हटाया जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



शासकीय महाविद्यालय पथरिया के सभागार में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं एमएसडब्ल्यू (MSW) पाठ्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में पथरिया एवं बटियागढ़ के ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय और एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भी सम्मानपूर्वक विदाई एवं उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नवागत ब्लॉक समन्वयक हरीश पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। 16 वर्षों की सेवाओं को किया याद अपने 16 वर्षों के सेवाकाल को याद करते हुए उपाध्याय ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की भूमिका तथा मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। भावुक होते हुए उन्होंने कहा,सीखने-सिखाने की यह प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। सिर्फ टेबल और कुर्सी बदल रही है, मैं हमेशा आपके बीच ही रहूँगा। अब मैं निवाड़ी में नई जिम्मेदारी निभाने जा रहा हूँ। आप सभी के साथ बिताया हर पल मेरे लिए अमूल्य रहेगा।

### सभी वक्ताओं ने की कार्यों की सराहना

नवागत ब्लॉक समन्वयक हरीश पांडे ने कहा कि वे सभी के सहयोग से टीम भावना के साथ कार्य करेंगे और परिषद की गतिविधियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल ने कहा कि उपाध्याय ने अपने कार्यकाल में अटल भूजल योजना, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के गठन तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज निर्माण का एक सशक्त मंच है, जिसने अनेक युवाओं को नेतृत्व और सेवा का अवसर दिया है। जीवन यादव, शैलेंद्र पाराशर एवं मुकुल दुबे ने भी उपाध्याय की सकारात्मक सोच, कुशल नेतृत्व और समर्पित कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों उन्नति ठाकुर, गुलफशा खान, ज्योति ठाकुर, आदर्श दुबे, मदन पाली एवं नरेंद्र पटेल ने पाठ्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभव साझा किये।

# अग्निवीर का गृह ग्राम गुंजी पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

भारतीय सेना चयनित अग्निवीर तुलसीराम अहिरवार के अपने गृह ग्राम पंचायत गुंजी पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी एवं बड़े आदर सम्मान के साथ स्वागत किया। गांव में उत्साह का माहौल रहा। और लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

अग्निवीर तुलसीराम अहिरवार के पिता रामलाल अहिरवार एवं माता गन्नेशी बाई एवं ग्रामीणों ने कहा कि तुलसीराम ने भारतीय सेना में चयनित होकर कर पूरे परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। और सभी ने उनके दीर्घायु उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने देश सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए युवाओं को भी सेना में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित होने का संदेश दिया। स्वागत समारोह में ग्राम पंचायत गुंजी के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 22 जुलाई से श्रीमद् भागवत कथा

दमोह। स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग पर स्थित श्री देवरास बिहारी राधा कृष्ण मंदिर में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक दिव्य भव्य गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज होंगे 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। वहीं नंदीश्वर महादेव नंदी वन मंदिर परिसर में 30 जुलाई से शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक होगा 4 अगस्त से 11 दिवसीय श्रीशिव महापुराण का आयोजन होगा। कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज रहेंगे 15 अगस्त को दिव्य भव्य भंडारा प्रसाद होगा समस्त कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह किया है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 10 जुलाई को

दमोह। जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 10 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में समय दोपहर 12.30 बजे आयोजित की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने संबंधितो से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### खाद्य पंजीयन एवं लाइसेंस बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दमोह जिले के बांदकपुर के खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए जागेश्वर नाथ मंदिर परिसर स्थल पर खाद्य व्यापारियों की सुविधा हेतु खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया गय। शिविर में 24 खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा खाद्य लाइसेंस पंजीयन बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन किए गए।

### वन माफियाओं की अवैध कटाई का नया खुलासा

# विद्युत लाइन पर गिरा था बेशकीमती सागौन का पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

तेंदूखेड़ा उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र की झलौन बीट के अंतर्गत धनेटा कुटी मंदिर के सामने कक्ष क्रमांक 149 में बेशकीमती सागौन के पेड़ की अवैध कटाई के मामले में नया खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात वन माफियाओं द्वारा सागौन के विशाल पेड़ को आरा मशीन से काटा जा रहा था। इस दौरान उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि पेड़ के बिल्कुल समीप से विद्युत लाइन गुजर रही है। सूत्रों के अनुसार जैसे ही पेड़ पूरी तरह काटा गया, वह सीधे विद्युत लाइन पर जा गिरा। इससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लाइन में तेज स्पार्किंग होने लगी। बिजली आपूर्ति ठप होने की सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने देखा कि सागौन का पेड़ बिजली की लाइन पर गिरा हुआ है। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की सूचना वन विभाग को दी। बताया जा रहा है कि अचानक हुई स्पार्किंग और लोगों की आवाजाही बढ़ने से वन माफिया मौके से फरार हो गए। बाद में वन विभाग ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की तथा काटे गए सागौन की लकड़ी को जब्त कर डिपो में चालान काटकर जमा करा दिया। हालांकि इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों के बयान पर सवाल उठ रहे हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीह का कहना है कि पेड़ पहले से आधा कटा हुआ था और तेज हवा चलने के कारण वह गिर गया। वहीं स्थानीय लोगों का दावा है कि शुक्रवार सुबह तक पेड़ पूरी तरह सुरक्षित खड़ा था तथा उसकी कटाई शुक्रवार रात आरा मशीन से की गई। इस घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में लगातार बेशकीमती सागौन सहित अन्य वृक्षों की अवैध कटाई के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इनका कहना-- उपवन मंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा प्रतीक दुबे ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सागौन का पेड़ काटा गया है। उन्हें इसकी जानकारी अधीनस्थ वनकर्मियों द्वारा दी गई है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पेड़ के विद्युत लाइन पर गिरने के कारण वन माफिया मौके से भाग निकले। अब पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शिवम चौरसिया का सेना में चयन



**हिण्डोरिया।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया के पूर्व छात्र शिवम चौरसिया निवासी बजरिया मुहल्ला हिंडोरिया का भारतीय सेना में अग्निवीर टेक्निकल के पद पर चयन होने पर प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त कर ढेर सारी हार्दिक बधाई दी। इस महान अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग ने हर्ष के साथ कहा कि छात्र शिवम की ये उपलब्धि विद्यालय, परिवार, नगर एवं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। एवं अन्य छात्रों के लिये प्रेरणादायी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना है कि सैनिक शिवम अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढे.एवं सफलता प्राप्त करें। साथ ही अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाते हुये अपने राष्ट्र का नाम रोशन करें। इस शानदार एवं यादगार,अविस्मरणीय मौके पर प्राचार्य गर्ग सहित समस्त शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया परिवार ने बधाई दी।

# छात्रावास में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग एवं ग्रामीण विकास समिति तेंदूखेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, तेंदूखेड़ा में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में छात्रावास की लगभग 70 छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी अर्चना अहीर ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को झांसे में लेकर आर्थिक और व्यक्तिगत नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, मैसेज या फोन कॉल पर बिना पुष्टि किए विश्वास न करें। किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी, बैंक खाता नंबर, एटीएम कार्ड की जानकारी, सीवीवी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, बैंक केवाईसी अपडेट करने, लॉटरी, इनाम, नौकरी अथवा अन्य आकर्षक प्रस्तावों के नाम पर साइबर ठगी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों में सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। ग्रामीण विकास समिति के धरमदास पाल ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर डरने या घटना को छिपाने के बजाय तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को इसकी जानकारी दें। समय पर शिकायत दर्ज कराने से साइबर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई संभव होती है और कई मामलों में आर्थिक नुकसान की भरपाई भी कराई जा सकती है। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया और छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रावास अधीक्षक रजनी जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को डिजिटल युग की चुनौतियों से सुरक्षित रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी, आरक्षक विशाल बेन, विजय दीक्षित, रौनक पटेल, ग्रामीण विकास समिति के राजेश सिंह, ज्योति रेकवार सहित छात्रावास का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।




# हमारा कार्यकर्ता देश, समाज, राष्ट्र के लिए कार्य करता हैं-धमेंद्र सिंह लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के आचार्य श्री विद्यासागर सागर दयोदय पशु सेवा केंद्र के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिला कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के 24 मंडलों के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जयंत मलैया ने कहा कि जनसंघ की स्थापना श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। वो चाहते तो अच्छी जिंदगी जीते, लेकिन उन्होनें अपना सर्वस्व देश के लिए समर्पित किया। स्वतंत्र पहली सरकार में उघोग मंत्री रहे आज हम गर्व से कह सकते हैं जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा हैं धारा 370 समाप्त होने के चलते अब हमारा देश एक हैं। आज जो कार्यकर्ता सम्मलेन किया जा रहा हैं मेरे अनुसार जिले का सबसे बड़ा सम्मेलन हैं। जबसे केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हैं तब से निरंतर विकास कार्य जारी हैं। 12 वर्षो में सर्वोच्च विकास हुआ हैं। हमारा कार्यकर्ता ही सरकार का स्तंभ हैं जिनकी वजह से सरकार बनी हैं।

राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कट्टर देशभक्त, सुधारक, कर्मट कार्यकर्ता, विचारक जनसंघ के संस्थापक रहे। 1901 में कोलकाता में जन्म हुआ था। 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविघालय के कुलपति बने। स्वतंत्र भारत की सरकार में उघोग मंत्री रहते हुए कई कारखानों की स्थापना की। पंडित नेहरू की मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति के कारण उन्होनें अपने पद से इस्तीफा दे दिया। और विपक्ष में आ गए। 21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें। संसद में हमेशा राष्ट्रीय एकता की बात रखी। जम्मू कश्मीर के लिए कहा था कि जब देश एक हैं तो दो विधान, दो सरकार, दो झंडे इसका हमेशा विरोध किया। जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने को लेकर अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। धारा 370 हटने के बाद पंडित मुखर्जी का सपना पूरा हो गया। हमारे प्रधानमंत्री ने धारा 370 हटाकर पंडित मुखर्जी के सपने को साकार किया हैं। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि उन्हीं की प्रेरणा से करोडो कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। हमारा कार्यकर्ता देश, समाज, राष्ट्रa के लिए कार्य करता हैं। कांग्रेस को कार्यकर्ता बुलाने के गाडी पेट्रोल डीजल आदि की व्यवस्था करना पडती हैं। लेकिन हमारा कार्यकर्ता एक मैसेज मिलने पर ही दौडा चला आता हैं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कार्य और वर्तमान की मोदी सरकार के कार्य एक समान हैं। पंडित जी ने हिंदुस्तान एयर क्राप्ट फैक्ट्र बेंगलौर, सिंधी उर्वरक कारखाना, दामोदर घाटी निगम, हीराकुंड बांध, भिलाई इस्पात कारखाना की नींव रखी थी। आज की सरकार में पंडित जी कार्यो की छवि देखने को मिलती हैं। पंडित जी ने पार्टी राष्ट्रभाव के निर्माण को लेकर बनाई थी। सच्चा कार्यकर्ता वहीं हैं जो धैर्यवान हो, घमंडी न हो, उत्साह से परिपूर्ण हो। हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प हैं 2047 तक भारत विश्वगुरू बनें। राहुल सिंह ने नया नारा लगाया कि जहां जन्म हुए मुखर्जी, वो बंगाल हमारा हैं। इस दौरान बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार के समय का कार्यकर्ताओं का दुख भी उन्होनें कार्यकर्ताओं को बताया। आप मध्यप्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं को नमन जो 29 लोकसभा की सभी सीटें अपनी मेहनत से जिताकर देते हैं।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भी पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतो को पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनाने के लिए कहा। कार्यक्रम में मंडलों से आएं वरिष्ट कार्यकर्ताओं, मीसबंदी का स्वागत किया गया एवं उपहार स्वरूप घडी भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, भावसिंह लोधी, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह, पूर्व विधायक सोनाबाई, पीएल तंतुवाय, पथरिया से लोकेंद्र पटैल, प्रदेश महामंत्री गोपाल पटैल, कार्यक्रम प्रभारी अमित बजाज, राजेंद्र गुरू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी गौरव पटैल, उपाध्यक्ष मंजू धमेंद्र कटारे, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर सिंह लोधी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव चेतन जैन डॉ परम सिंह लोधी सरपंच संघ की अध्यक्ष नीतू साहू के अलावा सभी विभाग के जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं दमोह जिले के 24 मंडलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भारत सिंह लोधी, महेश पटैल ने किया आभार मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल ने किया।

# वर्षाकाल में झरनों और वॉटर बॉडी के पास जाने पर प्रतिबंध

**दमोह।** वर्षाकाल के दौरान झरनों एवं अन्य वॉटर बॉडी के आसपास होने वाली दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाओं को देखते हुए उपखंड मजिस्ट्रेट दमोह सौरभ गंधर्व ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत संपूर्ण दमोह अनुभाग में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार झरनों, वॉटर बॉडी तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के 50 मीटर दायरे में प्रवेश करना, पिकनिक मनाना, स्नान करना, वीडियो एवं फोटोग्राफी करना, वाहन पार्किंग एवं वाहन उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा उक्त क्षेत्रों में दुकान, रेहड़ी या खाद्य सामग्री की बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी। एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया दमोह अनुभाग के सभी जलाशयों में बिना अनुमति संचालित नाव, नौकाओं एवं अन्य जल क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वर्षाकाल के दौरान समस्त झरनों एवं वॉटर बॉडी के समीप जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। उन्होने जनहानि एवं धनहानि की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र सिंग्रामपुर में तदर्थ समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



गर्भवती महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आंगनबाड़ी केंद्र सिंग्रामपुर में तदर्थ समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, अंतरा फाउंडेशन से जुड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, ग्राम के विद्यालय के शिक्षक अजय पाण्डेय तथा शिक्षिका ममता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान उपस्थित विशेषज्ञों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का नियमित सेवन तथा संस्थागत प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

किशोरी बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई, एनीमिया की रोकथाम तथा संतुलित भोजन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें नियमित रूप से आयरन की गोलियां लेने, पौष्टिक भोजन अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई।

बैठक में बताया गया कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के लिए गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, समय पर टीकाकरण एवं चिकित्सकीय परामर्श का पालन करना आवश्यक है। साथ ही परिवार के सदस्यों से भी अपील की गई कि वे गर्भवती महिलाओं को उचित देखभाल, पौष्टिक भोजन और सहयोग प्रदान करें।

सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर ने ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। शिक्षक अजय पाण्डेय एवं शिक्षिका ममता शुक्ला ने शिक्षा के साथ स्वास्थ्य जागरूकता को भी समाज के विकास के लिए आवश्यक बताते हुए सभी से स्वच्छता, पोषण और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं से स्वास्थ्य संबंधी सुझाव साझा किए गए तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। सभी ने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर सहमति व्यक्त की।

# खकरिया रोड पर जाम की समस्या से आमजन परेशान



**तेंदूखेड़ा।** नगर के मुख्य मार्ग से खकरिया मार्ग पर प्रतिदिन लगने वाले लगातार जाम के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस मार्ग पर कई दुकानदारों द्वारा सामान को दुकानों से बाहर सड़क तक फैला दिया जाता है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। इसी कारण दिनभर में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे मरीजों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं आम राहगीरों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत होती है। नागरिकों ने बताया कि यह मार्ग नगर का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, क्योंकि इसी रास्ते से शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आवागमन होता है। इसके बावजूद यहां यातायात व्यवस्था की अनदेखी और अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद से मांग की है कि इस मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यापारिक सामग्री रखने के निर्देश दिए जाएं, ताकि सड़क पर आवागमन सुचारु रूप से चल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी। नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके।

### साइबर जन-जागरूकता मैराथन निकाली

## सेफ क्लिक 2.0 अभियान का शुभारंभ साईबर ठगी से बचाव हेतु 1930 हेल्पलाईन

### साइबर ठगी से बचाव के लिए 1930 हेल्पलाइन पर तत्काल शिकायत करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 में प्रारंभ किए गए 'सेफ क्लिक' अभियान के दूसरे चरण 'सेफ क्लिक 2.0' का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में दमोह पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर साइबर जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन तहसील ग्राउंड से प्रारंभ होकर बेलाताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्ट्रेट, स्टेडियम, किल्लाई नाका, बस स्टैंड और कीर्ति स्तंभ होते हुए पुनः तहसील ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। दमोह पुलिस द्वारा आयोजित यह मैराथन अभियान भी उसी दिशा में एक प्रभावी प्रयास है, जिससे समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी। इस आशय के विचार दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने साइबर अपराधो के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील ग्राउंड में आयोजित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता मैराथन के दौरान व्यक्त किए। सांसद श्री लोधी ने कहा पुलिस विभाग ने नागरिकों की सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन उपलब्ध कराया है। यदि किसी भी व्यक्ति को साइबर अपराध या अन्य किसी प्रकार की पुलिस सहायता की आवश्यकता हो, तो वह दिन हो या रात, किसी भी समय हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर संपर्क कर सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा वर्तमान समय में साइबर क्राइम और डिजिटल अपराध अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रहे हैं। इनके कारण अनेक सुखी एवं समृद्ध परिवार भी आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित होकर गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं, उन्होंने कहा इस प्रकार के अपराधों की रोकथाम, जनजागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को भयमुक्त करने के उद्देश्य से जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने कहा डिजिटल इंडिया के दौर में पारंपरिक अपराधों की अपेक्षा साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले जहां चोरी, नकबजनी और अन्य सामान्य अपराध अधिक देखने को मिलते थे, वहीं अब अपराधी दूर बैठकर मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए आम नागरिकों को जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, इसी उद्देश्य से आयोजित मैराथन का शुभारंभ तहसील ग्राउंड से किया गया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया।

साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता मैराथन को तहसील ग्राउंड से सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर फ्रॉड एवं सोशल मीडिया से जुड़े खतरों के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर संजय यादव, गौरव पटेल, सुरेश पटेल, रमाकांत बाजपेई, वर्षा रैकवार, बृजेंद्र अहिरवार, रिंकू गोस्वामी, दीपक मिश्रा, सिकंदर खरारे, सृजन असाटी, संजय गौतम, एडवोकेट कमलेश भारद्वाज, डॉ. श्री संगतानी, शिवेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, सम्मानीय मीडियाजन उपस्थित रहे।

## पुल पर उखड़ी सड़क व निकले सरिए से बढ़ा खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ़

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़, हर्रई और कंसा मार्ग पर स्थित दो प्रमुख पुलों की बदहाल स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। कंसा और हर्रई सिंगौरगढ़ के बीच गुरैया नदी पर बना पुल तथा हर्रई बेलवारे घाट नाला का पुल लंबे समय से मरम्मत का इंतजार कर रहे हैं। बारिश शुरू होते ही दोनों पुलों की क्षतिग्रस्त सड़कें और गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। गुरैया नदी पुल पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। पुल के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरा रहने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर पुल के भीतर की लोहे की सरिए भी बाहर निकल आई हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने, वाहनों के टायर फटने और गंभीर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। वहीं हर्रई बेलवारे घाट नाला के पुल की हालत भी चिंताजनक है। पुल पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण वाहनों को तेज झटके लग रहे हैं। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पुल पर बारिश का पानी जमा रहता है, जिससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों पुलों से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़े हादसे से पहले तत्काल पुलों के गड्ढों की मरम्मत कराई जाए, बाहर निकले लोहे के सरियों को सुरक्षित किया जाए और क्षतिग्रस्त हिस्सों का स्थायी सुधार कराया जाए, ताकि लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

### आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका की सेवा समाप्त

**दमोह।** दमोह शहर के सरदार पटेल वार्ड-13 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 26 में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका वर्षा चौबे की लगातार केंद्र पर अनुपस्थिति के आरोप में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह की शहरी परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी

### मामा ने लगाया जहर देकर हत्या का आरोप

## नदी किनारे संदिग्ध हालत में युवक की मौत



**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत कनिया घाट ग्राम पंचायत के रमपुरा गांव में सोमवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक नदी किनारे बेहोशी की हालत में मिला, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में शोक के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

मृतक की पहचान 24 वर्षीय गोविंद यादव, निवासी रमपुरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के लोगों ने परिजनों को सूचना दी कि गोविंद व्यायाम नदी के रमपुरा घाट पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के चाचा मोहन यादव ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी फोन पर मिली थी। उनके अनुसार जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तब तक गोविंद कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं था। उन्होंने आशंका जताई कि युवक किसी मानसिक तनाव में था और संभव है कि उसने खुद कोई कदम उठाया हो। वहीं, मामले ने उस वक्त गंभीर मोड़ ले लिया जब मृतक के मामा हृदेश यादव (निवासी सिमरिया) ने गोविंद के पिता महेश यादव पर हत्या का आरोप लगाया। मामा का कहना है कि महेश यादव ने 15 वर्ष पहले उनकी बहन के साथ मारपीट कर उसे छोड़ दिया था, जिसके बाद वह मायके में रहने लगी थी। बाद में उनकी बहन की दूसरी शादी कर दी गई, जबकि गोविंद अपने पिता के साथ ही रहता था।

मामा ने आरोप लगाया कि महेश यादव के दूसरी महिला के साथ संबंध थे और वही महिला घर में रह रही थी। आरोप है कि उस महिला द्वारा गोविंद के साथ मारपीट की जाती थी। उन्होंने आशंका जताई कि संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से महेश यादव और उसकी दूसरी पत्नी ने मिलकर गोविंद को खाने में जहर देकर मार डाला। मृतक की मां ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार गोविंद अपने हिस्से की जमीन बेचकर मामा के घर जाना चाहता था, जिसको लेकर पिता और सौतेली मां के साथ उसका विवाद चल रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## तलवार से बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**दमोह।** विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम) उदय सिंह मरावी की अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी मुकेश यादव (36), निवासी ग्राम बांसी, थाना तारादेही को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड, धारा 109(1) के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(v) के तहत भी आजीवन कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक संचालक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्या ने की, जबकि सहायक तरुण सोनी ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

अभियोजन के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 को थाना तारादेही क्षेत्र के ग्राम बांसी में खेत संबंधी विवाद के दौरान आरोपी मुकेश यादव फरियादी की दादी के घर पहुंचा। विवाद बढ़ने पर उसने बुजुर्ग महिला के सिर पर तलवार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए सुरेंद्र वेन और पप्पू वेन पर भी डंडे से हमला किया गया, जिससे वे घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला की बाद में मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना पर थाना तारादेही पुलिस ने अपराध क्रमांक 42/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की। जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास सहित अन्य सजाओं से दंडित किया।

## तारादेही मार्ग पर हिट एंड रन, एसडीएम की तत्परता भी नहीं बचा सकी युवक की जान

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के तारादेही मार्ग पर रविवार रात हुए सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल एक बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े युवक को तेंदूखेड़ा अनुभाग के एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने तत्काल अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर मानवता और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली का परिचय दिया। उनकी इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकिशन यादव (30 वर्ष), पिता जगन्नाथ यादव, निवासी सारसबगली थाना तारादेही, रविवार को तेंदूखेड़ा स्थित अपनी बुआ के घर से वापस अपने गांव लौट रहा था रात करीब 9 बजे तारादेही मार्ग पर बहेरिया के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि रामकिशन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे। इसी दौरान तारादेही से लौट रहे एसडीएम सी.जी. गोस्वामी की नजर घायल युवक पर पड़ी। उन्होंने तत्काल अपना वाहन रुकवाया तथा 112 और 108 को सूचना दी। एंबुलेंस पहुंचने में समय लगने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने बिना देर किए घायल को स्वयं अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। एसडीएम ने डॉक्टरों से घायल की स्थिति की जानकारी ली और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

सोमवार सुबह पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर नहीं है जब एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद की हो। इससे पूर्व 25 जून को भी समनापुर मार्ग पर हुए एक हादसे में भी उन्होंने स्वयं घायल युवक को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था कराई थी। लगातार दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने और समय पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की उनकी पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे संवेदनशील एवं जनहितैषी प्रशासन का उदाहरण बताया है।

### शराबियों पर कार्रवाई की मांग, वार्डवासियों ने पटेरा थाने में सौंपा ज्ञापन

**पटेरा।** नगर के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पीछे बरगद के पेड़ के पास शराबियों और नशेड़ियों के जमावड़े से परेशान वार्डवासियों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने पटेरा थाना पहुंचकर आवेदन सौंपा।आवेदन में बताया गया है कि उक्त स्थान पर प्रतिदिन कुछ लोग खुलेआम शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा अश्लील गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे आसपास रहने वाले लोगों, महिलाओं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा क्षेत्र का माहौल भी खराब हो रहा है।वार्डवासियों ने पुलिस से मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए और शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।पुलिस को दिए गए आवेदन में वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे, जिन्होंने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और नशेड़ियों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

## टाइगर रिजर्व में दो वन कर्मियों पर बाघ ने किया हमला, बाइक सहित गिरे

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में रविवार को गश्त कर रहे वनकर्मियों पर बाघ ने हमला कर दिया बाघ ने चलती मोटर साइकिल पर झपट्टा मारा और सुरक्षा श्रमिक बाबूलाल रैकवार का पैर अपने जबड़े में दबा लिया, जिससे उसे गहरा जख्म हुआ है। वहीं बाइक पर पीछे बैठीं वनरक्षक मंजू ठाकुर के पैर में भी बाघ के नाखून लगे हैं। दोनों ने हिम्मत दिखाते हुए बाघ को धक्का मारा, जिसके बाद वह करीब 50 मीटर दूर जाकर झाड़ियों के पीछे खड़ा हो गया। रिजर्व प्रबंधन के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे मोहली पश्चिम बीट में गश्ती कर रहे अमले को एक पगडंडी में बाघ के छोटे पंजों के ताजे निशान मिले तो वे मोटर साइकिल से आगे बढ़ने लगे उनका अनुमान था कि बाघ दाहिने हाथ की ओर होगा तो दोनों कर्मचारी उसी ओर देखते हुए मोटर साइकिल से धीरे-धीरे आगे जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बाघ ने बायीं ओर से उन पर हमला कर दिया। वनरक्षक ने सूझबूझ दिखाई और तुरंत अन्य स्टाफ को फोन पर सूचना दी जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित निकाला और रहली के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से उन्हें सागर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। चिंताजनक पहलू ये है कि टाइगर रिजर्व के भीतर पिछले 13 दिनों में बाघ के इंसान पर हमला करने का यह दूसरा मामला है। इसके पहले 22 जून को खेत पर मवेशियों के लिए चारा काटने गए। पटना मोहली निवासी सुदामा यादव पर बाघ ने हमला किया था जिसकी पीठ और हाथ में गहरा घाव है। टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या में बीच रिजर्व क्षेत्र से लगे ग्रामों का विस्थापन अब महत्वपूर्ण हो गया है। नहीं तो आने वाले समय में अनेक घटनाएं निकलकर रिजर्व से बाहर आएगी क्योंकि जिस तरह से बाघों का कुनबा बढ रहा है और वो अपनी अलग टेरिटरी बना रहे हैं। टाइगर रिजर्व के उप संचालक रजनीश सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र में सर्चिंग शुरू कर दी जाएगी क्षेत्र में तीन से चार टाइगर हैं और उनके साथ शावक भी हैं। घायल वनकर्मियों के अनुसार हमले के पहले उन्हें एक और टाइगर के पगमार्क मिले थे, जिनका आकार 12x13 सेमी था, जबकि वह जिन पगमार्क को देखते हुए आगे बढ़े, उनका साइज 9x9 सेमी के था। इससे आशंका है कि हमला किसी शावक ने किया हो। हालांकि इसके पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि दोनों ही घायल कर्मचारी अब खतरे से बाहर हैं हालांकि बाबूलाल की जांघ पर गहरा जख्म होने के कारण उन्हें कुछ दिनों तक निगरानी में रहना होगा। वन विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित इलाके में हाथियों की मदद से सघन गश्त शुरू कर दी है, ताकि हमला करने वाले बाघ की लोकेशन और पहचान सुनिश्चित की जा सके।

## आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के समाधि मरण पर नन्हें मंदिर में विनयांजलि सभा



**दमोह।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज का देर रात सिद्ध क्षेत्र कुंथलगिरी पर संलेखना पूर्वक समाधि मरण हो गया है। 13 दिन तक यम संलेखना करते हुए मृत्यु का महोत्सव मनाने वाले आचार्य श्री वर्धमान सागर जी की समाधि की खबर से देश भर में जैन श्रावकों के बीच भक्ति मय उल्लास का माहौल बना हुआ तथा उन्हें जगह-जगह श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके कठिन तप चर्या को नमन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दमोह नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में मुनिश्री 108 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में सोमवार को विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री ने आचार्य श्री वर्धमान सागर जी से जुड़े अनेक संस्मरण सुनाते हुए उनके द्वारा 13 दिन तक की गई यम सल्लेखना को आचार्य शांति सागर जी की परंपरा का प्रतिरूप बताया। मुनिश्री पदम सागर जी ने कहा कि जिस तरह से बरसों पहले आचार्य शांति सागर जी ने मुनि श्री विद्यासागर जी को अपना आचार्य पद देकर स्वयं मिनी दीक्षा लेकर संलेखना पूर्वक समाधि मरण को प्राप्त किया था इस तरह वर्तमान में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने अपना आचार्य पद मुनि श्री विद्यासागर को देखकर स्वयं मुनि रूप में यम संलेखना का वरण किया। इस दौरान पूर्व के विद्यासागर जी की तरह वर्तमान के विद्यासागर जी ने भी अपने गुरु की समाधि सल्लेखना के दौरान भक्ति भाव से निर्विकल्प सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुनि श्री पदम सागर जी ने कहा कि हम सभी ने आचार्य ज्ञान सागर जी की संलेखना पूर्वक समाधि को तो नहीं देखा लेकिन वर्तमान पीढ़ी का यह सौभाग्य रहा है कि उनको आचार्य विद्यासागर जी के युग मे गुरु सेवा करने से लेकर अचार शांति सागर जैसे संत की संलेखना पूर्वक समाधि का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुनिश्री ने कहा कि हम सभी भी ऐसी भावना भानी चाहिए की जीवन के अंतिम समय में देव शास्त्र गुरु का सानिध्य प्राप्त हो। गुरु के सानिध्य में समतापूर्वक समाधि मरण करते हुए प्राण निकले। सभा का संचालन मंदिर कमेटी अध्यक्ष नवीन ने किया तथा आभार महामंत्री राजकुमार जैन ने व्यक्त किया। अंत मे दो मिनिट का मौन तथा 9 बार णमोकार मंत्र का जाप देकर पूज्य वर्तमान सागर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक जनों के साथ मंदिर कमेटी के पदाधिकारी महिलाओं पुरुषों की मौजूदगी रही।

### आसमान से गिरे, खजूर में अटके:

## परिवहन अधिकारी की अनुपस्थिति से वाहन स्वामी हो रहे परेशान

**दमोह।** जिला परिवहन कार्यालय में अधिकारी की नियमित अनुपस्थिति के कारण वाहन स्वामियों और बस ऑपरेटरों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले पूर्व जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी के लंबे मेडिकल अवकाश के चलते कार्यालय का कामकाज प्रभावित रहा, और अब नई पदस्थ जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती स्वाति पाठक के कार्यभार संभालने के बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार, क्षितिज सोनी के लगभग 25 दिनों के मेडिकल अवकाश के दौरान परिवहन कार्यालय का काम लगभग ठप हो गया था। बस ऑपरेटर यूनियन द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद सागर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तैनगुरिया को दमोह का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, लेकिन इसी बीच दतिया की जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती स्वाति पाठक को दमोह और टीकमगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए दमोह में पदस्थ कर दिया गया। बताया जा रहा है कि 14 जून को कार्यभार ग्रहण करने के बाद से श्रीमती पाठक एक भी दिन नियमित रूप से दमोह परिवहन कार्यालय नहीं पहुंचीं। बीच में उन्हें तीन दिनों के लिए मुरैना भी अटैच किया गया था। इसके बाद भी कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं होने से आम नागरिकों और वाहन स्वामियों को कोई राहत नहीं मिल सकी। अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण वाहनों की फिटनेस, नए वाहनों का पंजीयन, परमिट सहित अन्य रोजमर्रा के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कार्यालय में केवल एक सहायक ग्रेड कर्मचारी पदस्थ होने से प्रशासनिक कार्यों का संचालन और अधिक कठिन हो गया है। सोमवार को भी जिला परिवहन अधिकारी के कार्यालय नहीं पहुंचने पर कई वाहन स्वामियों ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से शिकायत कर व्यवस्था सुधारने की मांग की। उनका कहना है कि यदि एक अधिकारी को तीन जिलों का प्रभार दिया गया है तो कम से कम सप्ताह में दो दिन दमोह मुख्यालय पर उनकी अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि परिवहन कार्यालय के लंबित कार्य समय पर निपटाए जा सकें और आम लोगों को राहत मिल सके।

## आखिर कहां गुम हो गई, गोचर और छोटे घास की सैकड़ों एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद

सरकार द्वारा मवेशियों के चरने के लिए सुरक्षित की गई गोचर की एवं छोटे घास की सैकड़ो एकड़ जमीन पर अतिक्रमण करके कृषि कार्य शुरू करके खेती किए जाने से मुक मवेशियों के मुंह का निवाला छीनकर कुछ दबंग लोगों द्वारा मवेशियों के हक की भूमि पर कब्जा किया गया है जिससे ग्राम के पशुपालक अपने मवेशियों को घर में कैद करने को मजबूर है। इतना ही नहीं छोटे घास की भूमि पर अतिक्रमण हो जाने से किसानों के खेतों तक आने जाने के रास्ते भी बंद हो चले हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम में छोटे घास की करीबन 250 एकड़ भूमि एवं गोचर के लिए लगभग 4 सौ एकड़ जमीन मवेशियों के लिए आरक्षित थी जिस पर कई वर्षों से मवेशी इसी जमीन पर चरने के लिए जाते थे, लेकिन ग्राम के ही कुछ दबंग प्रभावशाली लोगों द्वारा क्रमशः धीरे-धीरे शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर उसमें खेती कार्य करना प्रारंभ कर दिया और देखते ही देखते कुछ वर्षों में गोचर और छोटे घास की भूमि अतिक्रमण की बली चढ़कर समाप्त होती गई। वर्तमान में हालात यह है कि अब मवेशियों को चरने के लिए तो बहुत दूर की बात है। खड़े होने तक के लिए भी जमीन नहीं रह गई है, मवेशी रोड किनारे इधर-उधर दर- दर भटकाने को विवस हैं। गौरतलब है कि ग्राम के पुल के पास पड़ाव के नाम से चर्चित गोचर की भूमि पर अतिक्रमण कर उसे समाप्त कर दिया गया। इसी तरह साजिया के नाम से जाने जाने वाले वासन हर की तरफ सैकड़ो एकड़ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। ग्राम के कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि वासन हार के साजिया की छोटे घास की कुछ शासकीय भूमि की बिक्री जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी के नाम पर भी हो चुकी है।

यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि शासन के छोटे घास की शासकीय भूमि की रजिस्ट्री कंपनी के नाम कैसे? हो गई, ग्राम के बुजुर्ग लोग बताते हैं कि पहले तालाब के वगल से भटारिया खेर माता के वहां से वासन हार तक पहुंचने के लिए 20 फुट चौड़ी बहुत बड़ी सैर (आम रास्ता) हुआ करती थी जिस रास्ते से ट्रैक्टर आदि बड़ी आसानी से निकल जाते थे लेकिन वर्तमान समय में सारे रास्ते खेती में तब्दील हो चुके हैं अब लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी हो रही है, शासकीय चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण होने से सबसे अधिक परेशानी मवेशी जानवरों को हो रही है जब मवेशियों को चरने के लिए जमीन ही नहीं रह गई है तो स्वाभाविक है कि मवेशी अपना पेट भरने के लिए खेतों की तरफ रुख करेंगे जिससे किसानों की फसल का नुकसान होगा, एक ओर जहां सरकार गांव गांव में गौशाला खोलकर गौ माता के लिए आशियाना बना रही है।

वहीं दूसरी ओर धन दौलत के कुछ लालची लोग अपनी तिजोरी भरने के लिए गौ माता के मुंह से निवाला छीनकर गौ माता की चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण करके खेती का कार्य कर रहे हैं, ग्रामीण जनों एवं पशुपालकों ने शासन प्रशासन से छोटे घास एवं चरनोई की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने की मांग की है, इस पूरे मामले पर जब तहसीलदार हटा से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।